प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

21.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे

'' मुख्य समाचार''

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए विश्वविद्यालयों में शोधपूर्ण और गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर दिया जोर।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–सरकार के अथक प्रयासों से पटरी पर लौटी प्रदेश की अर्थव्यवस्था।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर न आईजीएमसी शिमला में इंजेक्शन ने मिलने से जान गंवाने वाले मरीज के परिवार के लिए प्रदेश सरकार से मांगी आर्थिक मदद।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा– लोकतांत्रिक शासन और सामाजिक न्याय के लिए मिलकर काम करें पीठासीन अधिकारी।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने वर्ष 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए विश्वविद्यालयों में शोधपूर्ण और गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर जोर दिया है ताकि युवाओं को वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जा सके। राज्यपाल आज धर्मशाला में केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई शिक्षा नीति देश में परिवर्तन लाएगी। उन्होंने कहा कि इस व्यापक नीति को एक साथ लागू नहीं किया जा सकता इसलिए इसे चरणबद्ध ढंग से लागू करने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार को केन्द्रीय विश्वविद्यालय के लिए राज्य के योगदान का हिस्सा जल्द देना चाहिए ताकि इस विश्वविद्यालय के दोनों परिसर पूर्ण रूप से काम कर सकें।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार के अथक प्रयासों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटी है। मुख्यमंत्री आज कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के मटौर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर कांगड़ा में जलशक्ति विभाग का डिविजन खोलने की घोषणा की और मटौर कॉलेज में नए पाठ्यक्रम शुरू करने के साथ–साथ पानी और बिजली की योजनाएं सुदृढ़ करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पांच साल में कांगड़ा जिला की तस्वीर बदलने वाली है। उन्होंने कहा कि सरकार के फैसलों से प्रदेश के संसाधनों की लूट करने वालों को दिक्कत हो रही है लेकिन मैं आम आदमी के लिए हर चुनौती का सामना करने को तैयार हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिजली की सब्सिडी का युक्तिकरण कर रही है और साधन सम्पन्न लोगों को सब्सिडी छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में 88 करोड़ रूपए से अधिक की चार विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि जनसेवा और जनसमस्याओं का समाधान और पिछड़े क्षेत्रों व पिछड़े वर्गों का उत्थान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर्षवर्धन चौहान आज शिलाई विधानसभा क्षेत्र के तिलोरधार, टिंबी और शिलाई में जनसमस्याएं सुनने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याएं प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के निर्देश दिए। हर्षवर्धन चौहान ने ये भी कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा रखी गई समस्याओं का अतिशीघ्र पूर्ण समाधान किया जाएगा। उन्होंने एन.एच. 707 पर चल रहे कार्य का भी निरीक्षण किया।

सुखराम चौधरी

भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने कहा है कि आर्थिक कुप्रबंधन के कारण प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार प्रदेश को मिल रहे राजस्व को नहीं बचा पा रही है। सुखराम चौधरी ने आज शिमला में कहा कि केन्द्र सरकार से बड़ी मात्रा में पैसा हिमाचल को मिल रहा है इसके बावजूद प्रदेश सरकार खजाना खाली होने का नाटक कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों के

वेतन भत्ते और पैंशन तथा उपदान पर होने वाले खर्च के लिए योजना बनाने के बजाए अपने मित्रों के खर्चे पूर करने पर ही ध्यान केंद्रित कर रही है। सुखराम चौधरी ने ये भी कहा कि सुक्खू सरकार सबसे तेज गति से ऋण लेने वाली सरकार है और जल्द ही हिमाचल पर कर्ज का बोझ एक लाख करोड़ रूपए के पार पहुंचने वाला है।

निधन

हिमाचल प्रदेश सूचना व जनसम्पर्क विभाग के पूर्व निदेशक डी.पी. जोशी का आज देहरादून में 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप–मुख्मयंत्री मुकेश अग्निहोत्री, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क राजीव कुमार और विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने डी.पी. जोशी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताई है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से आईजीएमसी शिमला में इंजेक्शन न मिलने से जान गंवाने वाले कैंसर के मरीज देवराज के परिवार की आर्थिक मदद करने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि मृतक देवराज शर्मा परिवार में एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति थे ऐसे में सरकार को उनके परिवार की स्थिति समझकर तुरंत आर्थिक मदद करनी चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री इस मामले को मानवीय आधार पर देखें और परिवार की मदद करें। इस बीच जयराम ठाकुर ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। ये एक शिष्टाचार भेंट थी।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पीठासीन अधिकारियों को आहवान किया है कि लोकतांत्रिक शासन, सामाजिक न्याय और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करें। उन्होंने बिहार के पटना में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीठासीन अधिकारियों को ये भी सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत, जीवन्त और लोगों के प्रति जवाबदेह बनी रहे। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि संसद, राज्य विधानसभाओं और विशेषकर हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने और लोकतांत्रिक शासन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने ये भी कहा कि राज्य विधायी निकाय संविधान में निहित सिद्धांतों को सुनिश्चित करके संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

विंटर कार्निवाल

राष्ट्रीय मनाली विंटर कार्निवाल का दूसरा दिन आज महानाटी के नाम रहा। इस दौरान कुल्लू के लैफ्ट बैंक की लगभग एक हजार महिलाओं ने कुल्लू घाटी की पारम्परिक वेशभूषा में कुल्लवी गानों पर नाटी डाली जिसका स्थानीय लोगों के साथ–साथ मनाली के मालरोड़ पर यहां घूमने आए हजारों पर्यटकों ने भी खूब आनंद लिया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू संवाददाता.........

धनेश्वरी

भाजपा नेता धनेश्वरी ठाकुर ने मनाली विंटर कार्निवाल में अव्यवस्था का आरोप लगाया है। धनेश्वरी ठाकुर ने आज कुल्लू में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि कार्निवाल के पहले ही दिन स्थानीय महिलाओं को सात घंटे से अधिक समय तक मुख्यमंत्री का इंतजार करना पड़ा जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री के समय पर पहुंचने पर कोई रूकावट थी तो कार्निवाल में आए महिला मण्डलों और स्वयं सहायता समूहों को इसकी पहले सूचना दी जानी चाहिए थी ताकि उन्हें कड़कड़ाती ठण्ड में इंतजार नहीं करना पड़ता।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन भर बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं चलने से शीतलहर बढ़ गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने आज से 23 जनवरी तक प्रदेश में मौसम खराब रहने की

संभावना जताई है। केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि इस दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए विश्वविद्यालयों में शोधपूर्ण और गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर दिया जोर।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–सरकार के अथक प्रयासों से पटरी पर लौटी प्रदेश की अर्थव्यवस्था।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आईजीएमसी शिमला में इंजेक्शन ने मिलने से जान गंवाने वाले मरीज के परिवार के लिए प्रदेश सरकार से मांगी आर्थिक मदद।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा– लोकतांत्रिक शासन और सामाजिक न्याय के लिए मिलकर काम करें पीठासीन अधिकारी।